Vol. II, Issue III

January' 2021

# कामरूप दर्पण

## मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा का मुखपत्र

(Society Regd No. : RS/KAM (M) 263/Q/264 of 2017-18)

e-mail : sammelankamrupsakha@gmail.com URL : www.sammelankamrupsakha.com

**मारवाड़ी सम्मेलन**
**कामरूप शाखा**

: संपादक :
**विनोद कुमार लोहिया**

: सह संपादक :
**पवन कुमार जाजोदिया**

: पृष्ठ सज्जा :
**शामेश्वर शर्मा**

: मुद्रक :
**वसुंधरा एसोसिएट्स**
**गुवाहाटी**

भरसक प्रयास किया गया है कि 'कामरूप दर्पण' के इस अंक में कोई त्रुटि ना रहे, परंतु भूल मानव का स्वभाव है, अत: कोई त्रुटि रह गई हो तो खेद है। कोई सुझाव हो तो kamrupdarpan@gmail.com के माध्यम से सूचित करें।

## अध्यक्ष की कलम से



'कामरूप दर्पण' के माध्यम से आप सभी पाठकों को तथा समाज के सभी सज्जनों को सादर नमस्कार एवं नववर्ष की हार्दिक मंगल शुभकामनाएं।

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद जी गाड़ोदिया एवं उनके समस्त कार्यकारिणी सदस्यों को हार्दिक अभिनंदन एवं शुभकामनाएं। आशा है कि आप सभी के मार्गदर्शन में सभी प्रांत एवं सभी शाखाएं एक सूत्र में एक साथ अग्रसर होंगी।

पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन विगत अक्टूबर महीने से दिसंबर महीने के प्रथम सप्ताह तक तदर्थ समिति के रूप में प्रांत के लिए सेवाएं दे रही थी तथा नए अध्यक्ष का चुनाव कराकर समस्त शाखाओं के लिए सुगम मार्ग प्रशस्त किया। अत: तत्कालीन तदर्थ समिति को विशेष रूप से हार्दिक धन्यवाद प्रेषित करता हूं।

अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष के रूप में श्री ओमप्रकाश जी खंडेलवाल ने 3 जनवरी 2021 को शपथ ग्रहण किया, मैं कामरूप शाखा के समस्त सदस्यों की तरफ से माननीय अध्यक्ष एवं समस्त नवगठित कार्यकारिणी को हार्दिक अभिनंदन एवं मंगल कामनाएं प्रदान करता हूं।

हमें आशा ही नहीं, अपितु पूर्ण विश्वास है कि शाखा एवं प्रांत के मध्य प्रत्येक धनात्मक कार्य प्रणाली में मणिकांचन सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

कामरूप शाखा ने प्रतिष्ठा काल से ही सदैव समाज हित में, सम्मेलन हित में तथा शाखा हित में कार्य योजना एवं नवीन परियोजनाओं को मूर्त रूप देने को प्रतिबद्ध है।

'कामरूप दर्पण' मुखपत्र के माध्यम से भी सामाजिक एवं सांस्कृतिक लेखों को, विचारों को समाहित कर लेखकों और पाठकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रस्तुत करते आ रहा हैं। 'कामरूप दर्पण' त्रैमासिक पत्रिका हमारे शाखा का दर्पण ही है, जो कि शाखा द्वारा किए गए प्रत्येक कार्य को पारदर्शिता के साथ आप सभी के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए संपादक मंडल अहर्निश प्रयास कर रहा है।

*'भुलाकर सारे दु:ख भरे पल, दिल में बसा लो आने वाला कल*
*मुस्कुराओ खुलकर चाहे जो भी हो पल...*
*क्योंकि आ रहा है नया सवेरा लेकर खुशियों के रंग*
*भूल जाओ हर बात पुरानी, उत्साह में बदल लो जीवन*
*सारी खुशियां लेकर आएगा आने वाला कल'*

निरंजन कुमार सिकरिया
अध्यक्ष, मारवाड़ी सम्मेलन कामरूप शाखा

## संपादकीय



साथियों,

नव वर्ष जगत के लिए शुभ हो। गत वर्ष हमने बहुत सारे खट्टे-मीठे अनुभव प्राप्त किए, जो शायद हमसे पहले की पीढ़ियों ने नहीं किए होंगे। सम्मलेन की नजर से देखें तो साल की शुरुआत में होने वाले चुनाव टलते-टलते रद्द हो गए और साल समाप्त होते-होते अति शांतिपूर्ण और गौरवमय तरीके से संपन्न हुए। सम्मलेन के इतिहास में ये चुनाव हमेशा याद किए जाएंगे, क्योंकि ये चुनाव किसी कार्यकारिणी के नेतृत्व में नहीं, बल्कि राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा मनोनीत तदर्थ समिति के अधीन करवाए गए। चुनाव अधिकारी श्री कृष्ण कुमार जालान एवं उनकी टीम ने चुनाव प्रक्रिया बेहतरीन तरीके से संपन्न की, जिसके लिए चहुं ओर उनकी भूरी-भूरी प्रसंशा हो रही है। चुनावों में दो उम्मीदवार श्री ओमप्रकाश खंडेलवाल और श्री कैलाश काबरा ने अपनी-अपनी पूरी ताकत लगाई। दोनों ने संकल्प पत्र जारी किए, मतदान में भाग ले रही सभी शाखाओं का दौरा किया, लेकिन मर्यादा का उल्लंघन कभी नहीं किया। अंततोगत्वा जबरदस्त प्रतिद्वंद्विता के बीच श्री खंडेलवाल 79 के विरुद्ध 83 मत प्राप्त कर विजयी रहे। उदारता का परिचय देते हुए श्री काबरा जी ने श्री खंडेलवाल जी को बधाई दी। इस स्थिति में चार चांद लग जाते यदि अध्यक्ष पद का दायित्व एक अध्यक्ष द्वारा नए अध्यक्ष को सौंपा जाता। इतिहास समय-समय पर इस स्थिति की समीक्षा करता रहेगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्द्धन जी गाड़ोदिया एवं उनकी कार्यकारिणी और प्रांतीय अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश जी खंडेलवाल एवं उनकी कार्यकारिणी को 'कामरूप दर्पण' के संपादक मंडल, कामरूप शाखा की तरफ से एवं मेरी व्यक्तिगत शुभकामनाएं। इस बार प्रांतीय अध्यक्ष चूंकि मतदाताओं द्वारा चुन कर आएं हैं, आने वाले समय में इसके धनात्मक असर भी देखने को मिलेंगे। सर्वसमत्ति से न चुन कर आने के दुष्परिणाम के भय से हमें मुक्ति मिलेगी, इसका मुझे पूरा विश्वास है।

इस अंक में राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं प्रांतीय कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों तथा सदस्यों के नाम, पद और फोटो समाहित किए गए हैं। प्रांतीय अध्यक्ष ने अभी 03.01.2021 को अपने पद के लिए शपथ ग्रहण की एवं अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की है, उन सभी के भी नाम, पद एवं फोटो इस अंक में देखने को मिलेंगे। इतने अल्पकाल में सभी की फोटो जुटाना मेरे सहयोगी एवं सह-संपादक श्री पवन जी जाजोदिया के ही बस की बात हो सकती है।

'कामरूप दर्पण' को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव, समीक्षा व आलोचनाओं का स्वागत है।

विनोद कुमार लोहिया
संपादक, कामरूप दर्पण
फोन : 94351 06500
ई-मेल : vklohia@gmail.com

## शुभकामना संदेश



प्रिय महोदय,

मुझे यह जानकर अत्यंत ही प्रसन्नता का अनुभव हो रहा कि मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा द्वारा 'कामरूप दर्पण' पत्रिका का विगत कई महीनों से आपके संपादन में प्रकाशन हो रहा है, जिसके 7वें अंक का विमोचन 14 जनवरी को होना निश्चित हुआ है।

पत्रिका को सामाजिक आंदोलन का ही एक अन्य रूप कहा जा सकता है, क्योंकि पत्रिका के माध्यम से ही विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर गहन विचार मंथन कर संगठन एक निश्चित सोच कायम कर उसे कार्य रूप देने के लिए खुद को प्रस्तुत कर सकता है और सार्वजनिक विचार मंथन से ग्रहण किए गए मुद्दों पर सभी का समर्थन भी हासिल किया जा सकता है। पत्रिका के संपादन मंडल को बहुत-बहुत धन्यवाद।

आपका
**ओम प्रकाश खंडेलवाल**
**प्रांतीय अध्यक्ष**
**पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन**

ESTD. 1935 Telephone : +91-33-40044089 Website : marwarisammelan.com E-mail : aimf1935@gmail.com

# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
# ALL INDIA MARWARI FEDERATION

(Regd. under W.B. Societies act XXVI of 1961)

४बी, डकबैक हाउस (चौथा तल्ला), ४१, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता-७०० ०१७
4B, Duckback House (4th Floor), 41, Shakespeare Sarani, Kolkata - 700 017

-: प्रमुख उद्देश्य :-
समाज सुधार, समरसता, राजनैतिक चेतना, सामाजिक उत्थान एवं राष्ट्रीय एकता

राष्ट्रीय अध्यक्ष
गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया
094315 82989

निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष
संतोष सराफ
098300 21319

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
मानीराम सुरेका
093311 13332
पवन कुमार गोयनका
093125 09329
पवन कुमार सुरेका
099340 60161
अशोक कुमार जालान
094375 79833
डॉ. श्याम सुंदर हरलालका
070023 27155
विजय कुमार लोहिया
98400 24781

राष्ट्रीय महामंत्री
संजय कुमार हरलालका
098041 54115

राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री
गोपाल अग्रवाल
093310 16950
सुदेश अग्रवाल
093311 45291

राष्ट्रीय संगठन मंत्री
बसंत कुमार मित्तल
077818 11101

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष
दामोदर प्रसाद बिदावतका
093310 15088

-: प्रादेशिक शाखा सम्मेलन :-
बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, उत्कल, पूर्वोत्तर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, उत्तराखण्ड, तमिलनाडु, गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना एवं केरल

अ.भा.मा.स./३६/२०२०-२१ ०९ जनवरी २०२१



## शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि कामरूप शाखा का त्रैमासिक मुखपत्र 'कामरूप दर्पण' के सातवें अंक का विमोचन आगामी १४ जनवरी २०२१ को हो रहा है।

कामरूप शाखा, पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन की सक्रिय शाखाओं में से एक है। पाँच वर्षों की अल्प अवधि में ही शाखा ने सराहनीय कार्य किया है। अपनी स्थापना के बाद से ही, आप लोगों ने निरंतर सामाजिक सेवाकार्य के कई प्रकल्पों का बखूबी क्रियान्वयन किया है।

मुखपत्र किसी भी संस्था का अपने कार्यक्रमों एवं सेवामूलक कार्यों के द्वारा लोगों तक पहुँचने का सबसे उपयुक्त माध्यम होता है। मुझे आशा ही नहीं, अपितु पूर्ण विश्वास है कि सामाजिक विषयों को समाहित करता मुखपत्र समाजोपयोगी होगा एवं अपने उद्देश्यों को पूर्ण करेगा।

मैं मुखपत्र की सर्वरूपेण सफलता तथा कामरूप शाखा के सभी पदाधिकारियों/कार्यकर्ताओं एवं सदस्यों के स्वास्थ्य, प्रसन्नता एवं सम्पन्नता की कामना करता हूँ।

हार्दिक मंगलकामनाओं सहित...

गोवर्धन प्र. गाड़ोदिया

(गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया)
राष्ट्रीय अध्यक्ष

# सम्मेलन के 86वां स्थापना दिवस पर कामरूप शाखा ने सफाई कर्मचारियों का किया सम्मान












मारवाड़ी सम्मेलन के 86वें स्थापना दिवस के आयोजन स्वरूप मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा द्वारा फैंसी बाजार स्थित सांगानेरिया धर्मशाला के प्रांगण में गुवाहाटी नगर निगम (जीएमसी) के सफाई कर्मचारियों के लिए अभिनंदन समारोह अयोजित किया गया। इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यवाहक अभियंता श्री गौतम दास तथा मुख्य एवं सम्मानित अतिथि के रूप में गुवाहाटी नगर निगम (जीएमसी) के पूर्व पार्षद श्री राजकुमार तिवाड़ी उपस्थित थे। इनके अलावा सहकार्यवाहक अभियंता श्री दीपांकर माली, जेटीओ श्रीमती पिंकी डेका, एसआई श्री प्रांजल काली, श्री द्वारिका बासफोर, श्री लतीफ अली, श्री वाई. पी. राजू , श्री भद्रा बोरा, सुपरवाइजर श्री हीराज अली और अन्य सफाई कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यवाहक अभियंता श्री गौतम दास को शाखा के अब तक के प्रकाशन की कॉपी भेंट करने के साथ सभी उपस्थित अतिथियों का फुलाम गामोछा से सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ शाखाध्यक्ष श्री निरंजन सिकरिया के स्वागत भाषण से हुआ। इसके बाद







पूर्व महामंत्री एवं पूर्व पार्षद श्री राजकुमार तिवाड़ी ने सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कामरूप शाखा की भूरी-भूरी प्रसंशा की। उन्होंने गुवाहाटी नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के समर्पित सेवा भाव की सराहना की। वहीं विशिष्ट अतिथि जीएमसी के श्री गौतम दास ने भी अपने सम्बोधन में कामरूप शाखा द्वारा सफाई कर्मचारियों के सम्मान पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि समाज से सहयोग और प्रसंशा मिलने से कर्मचारियों को समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

कार्यक्रम के अगले चरण में जीएमसी के लगभग 100 सफाई कर्मचारियों को कम्बल और मिठाई भेंट की गई। कार्यक्रम के अंत में सचिव श्री दिनेश गुप्ता ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के संयोजक श्री संजय खेतान और श्री उमा शंकर गट्टानी विगत कई दिनों से इंतजाम में जुटे थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में निवर्तमान अध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया, संस्थापक अध्यक्ष श्री सम्पत मिश्र, कोषाध्यक्ष श्री दीपक जैन, सह सचिव श्री अनुज चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य श्री बिनोद शर्मा, श्री बाबू लाल नवलखा, श्री संतोष जैन, श्री राजेश पोद्दार और साधारण सदस्य श्री उमेश माहेश्वरी का सराहनीय योगदान रहा।





















*हमारे कार्य का प्रभाव एवं स्वीकृति हमें महत्वपूर्ण दायित्व के प्रति जागरूक करता है। सफाई कर्मचारी बंधुओं के प्रति आत्मीय संवेदना के साथ उनके समर्पित भाव का सम्मान एवं उनका अभिनंदन करना समाजसेवा के कार्यों को सम्बल प्रदान करता है। सफाई कर्मचारियों के समर्पण भावों को हम नमन करते हैं।*
















## अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

# श्री संजय हरलालका बने राष्ट्रीय महामंत्री



जाने-माने समाजसेवी श्री संजय हरलालका को अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त किया गया है। सम्मेलन के 85 वर्षों के इतिहास पर यह पहला अवसर है कि कोई व्यक्ति छठवें राष्ट्रीय अध्यक्ष के अधीन पदासीन होकर काम कर रहा है।

11 जून 1968 को मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे श्री संजय हरलालका के पिता का नाम श्री शंकरलाल हरलालका तथा माता का नाम स्व. प्रेमलता हरलालका है। मूल रूप से राजस्थान के पैतृक गांव मण्डावा निवासी श्री हरलालका के पूर्वज 1940-45 के आसपास रोजी-रोटी की तलाश में कलकत्ता (अब कोलकाता) आकर बस गए थे। उनकी जन्मस्थली बम्बई और कर्मभूमि शैशव काल से ही कोलकाता रही। वे कोलकाता के 'मिनी राजस्थान' कहे जाने वाले बड़ाबाजार में निवास करते थे।

प्रारम्भिक शिक्षा (कक्षा-5) कोलकाता के ही श्री राधेश्याम विद्यालय में हुई। तत्पश्चात कक्षा 6 से उच्च माध्यमिक तक की पढ़ाई प्रतिष्ठित श्री जैन विद्यालय से पूर्ण की। बी.कॉम करने की अभिलाषा के साथ उमेश चन्द्र कॉलेज में दाखिला लिया। कॉलेज का वातावरण पूर्णरुपेण शिक्षा के अनुकूल नहीं होने के बावजूद एक वर्ष तक यहां शिक्षा ग्रहण की। इसी बीच पारिवारिक परिस्थितिवश पढ़ाई को बीच में ही छोड़कर पिता के अखबारी पेशे सांध्यकालीन दैनिक पत्र 'सेवा संसार' तथा प्रीटिंग व्यवसाय से जुड़ना पड़ा। जिम्मेदारियों के बोझ ने कब अल्हड़पन से परिपक्वता की ओर कदम बढ़ा दिया, पता ही नहीं चला।

पत्रकारिता के पेशे के दौरान ही आपको जेल की यात्रा भी करनी पड़ी। 6 दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद विध्वंस की घटना से पूरे देश में उबाल था। विध्वंसकारी ताकतें सड़क पर नंगा नाच कर रही थीं। इससे आपके युवा खून में भी उबाल आ गया। पत्रकारिता का कर्तव्य सिर चढ़कर बोलने लगा और कलम चल पड़ी। इसका प्रतिकूल असर हुआ और कलकत्ता के बड़ाबाजार में एक-दो जगहों पर उपद्रवी ताकतों ने आगजनी को अंजाम दे दिया। उस वक्त पश्चिम बंगाल में वाममोर्चा का शासन था। सत्तापक्ष के साथ अखबार का संपर्क विपक्ष की तरह था। वहीं हुआ, जो होना था। पुलिस मुख्यालय लालबाजार से अखबार के कार्यालय तथा प्रीटिंग प्रेस पर छापा मार कर सील कर दिया गया। देशद्रोह का चार्ज लगाकर दो-तीन कर्मचारियों सहित आपकी गिरफ्तारी हुई। अदालत ने 7 दिनों की पुलिस हिरासत दे दी। कुछ वर्षों बाद पुलिस के चार्जशीट जमा न करने पर स्वत: यह मामला खत्म हो गया।

इस घटना के करीब डेढ़ माह बाद 27 जनवरी 1993 को उनका विवाह बम्बई के गौरीसरिया परिवार की बेटी सुनीता के साथ कलकत्ता में हुआ। विवाह के तीन वर्ष के अंतराल में ही उनको एक पुत्र तथा एक पुत्री की प्राप्ति हुई। वर्तमान में वे कोलकाता से गत 37 वर्षों से प्रकाशित सांध्यकालीन पत्र 'सेवा संसार' के मालिक तथा संपादक हैं। इसके अलावा विज्ञापन एजेंसी तथा प्रीटिंग के व्यवसाय से भी जुड़े हैं।

समाजसेवा की ओर रूझान पिता की प्रेरणा एवं कार्यों से हुआ। वे कई सामाजिक संस्थाओं से सक्रिय तौर पर जुड़े थे। 'सेवा संसार सेवा शिविर' नामक एक संस्था का गठन कर वे प्रत्येक वर्ष प्रतिष्ठित गंगासागर, तारकेश्वर मेले तथा कुंभ में शिविर लगाकर लोगों को नि:शुल्क सेवा उपलब्ध करवाते थे। कोलकाता की 'प्रेम मिलन' (कोलकाता), 'नागरिक स्वास्थ संघ' जैसी स्वनामधन्य संस्थाओं से जुड़कर अपनी सेवाएं देने के पश्चात सम्मेलन से सक्रिय तौर पर जुड़े। 2008 में दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में पद भार ग्रहण करने के पश्चात श्री नंदलालजी रुँगटा ने आप पर विश्वास व्यक्त करते हुए सम्मेलन का राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री नियुक्त किया था। सम्मेलन के अभिभावक श्री सीतारामजी शर्मा से समय-समय पर मिले मार्गदर्शन की बदौलत उस वक्त से शुरू हुए सम्मेलन के साथ के करीबी संबंध की अनवरत यात्रा आज तक जारी है। डॉ. हरिप्रसादजी कानोड़िया के कार्यकाल में पुन: संयुक्त मंत्री का भार निभाने के बाद आपको श्री रामअवतारजी पोद्दार तथा श्री प्रह्लाद रायजी अगरवाला के नेतृत्व में बतौर राष्ट्रीय संगठन मंत्री काम करने का सुअवसर मिला। विगत कार्यकाल में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने आपकी कार्यशैली पर विश्वास जताते हुए एक बार पुन: आपको राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री का दायित्व सौंपा। इस तरह गत 13 वर्षों में तीन बार राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री तथा दो बार राष्ट्रीय संगठन मंत्री के दायित्व का निर्वहन का सफर तय करने के पश्चात वे वर्तमान सत्र (2020-22) के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया द्वारा राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत किए गए हैं।

# अखिल भारतीय समिति ने की बैठक




अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की सर्वोच्च नीति निर्धारक अखिल भारतीय समिति की झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में कोलकाता एवं रांची से आयोजित वर्तमान सत्र की प्रथम वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने सम्मेलन की अभी तक की उपलब्धियों को अभूतपूर्व बताते हुए उनको और आगे ले जाने की बात कही। साज सुधार,संगठन-विस्तार, सेवाकार्य के साथ-साथ, उन्होंने भावी पीढ़ी को अपने संस्कार-संस्कृति के प्रति सचेत एवं जागरूक रखने पर बल दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड सम्मेलन के अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने स्वागत वक्तव्य से हुआ। बैठक का संचालन करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री संजय हरलालका ने विगत दिनों के कार्यकलाप की संत्रिप्त जानकारी दी तथा भावी कार्यक्रमों का खाका सदस्यों के समक्ष रखा। बैठक में बैंक संबंधी प्रस्ताव एवं पिछली बैठक का कार्यवृत पारित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय कार्यकारिणी तथा विभिन्न उपसमितियों के गठन का भार राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपा गया। धन्यवाद ज्ञापन सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक जालान ने किया। अंत में दिवंगत विशेष संरक्षक सदस्यों हरि प्रसाद अग्रवाल, रतन मारोठिया, उत्कल के पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ मरोठिया सहित अन्यों को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक का समापन राष्ट्रीय गान के साथ कियागया। बैठक में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सीताराम शर्मा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल रंगटा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री बसंत मित्तल, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामअवतार पोद्दार, राष्ट्रीय उपाध्यक्षों सहति कई गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

## प्रांतीय कार्यकारिणी समिति



**श्री संजय हरलालका**
राष्ट्रीय महामंत्री



**श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया**
राष्ट्रीय अध्यक्ष



**श्री बसंत मित्तल**
राष्ट्रीय संगठन मंत्री



**डॉ. श्याम सुंदर हरलालका**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**श्री भानीराम सुरेका**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**श्री पवन कुमार गोयनका**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष




**श्री पवन कुमार सुरेका**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**श्री विजय कुमार लोहिया**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**श्री अशोक जालान**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**श्री गोपाल अग्रवाल**
राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री



**श्री सुदेश अग्रवाल**
राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री



**श्री दामोदर विदावतका**
राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष

# प्रांतीय अध्यक्ष ओमप्रकाश खण्डेलवाल की ताजपोशी



## कामरूप शाखा ने किया अभिनंदन




पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन (पूप्रमास) के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश खण्डेलवाल ने गत 4 जनवरी 2021 को अपने पद के लिए शपथ ली। उक्त दिन स्थानीय 'होटल विश्वरत्न' में आयोजित शपथ विधि ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश खण्डेलवाल ने कहा कि एकजुटता से ही भविष्य में आने वाली समस्याओं का हम सामना कर सकते हैं। इसके लिए सामाजिक सुरक्षा तथा समाज सुधार के लिए पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन को और अधिक सशक्त व सुदृढ़ बनाना होगा। उन्होंने गुवाहाटी में एक बालिका छात्रावास की व्यवस्था करना मेरे कार्यकाल की प्राथमिकता एवं प्रमुखता होगी, जिसमें मुझे सभी समाज बंधुओं का सहयोग व साथ चाहिए।

इससे पूर्व समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना तथा महिला शाखा द्वारा स्वागत गीतकेसाथ किया गया। शपथ विधि समारोह में तदर्थ समिति के संयोजक व पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री प्रह्लाद राय तोदी ने श्री खंडेलवाल को प्रांतीय अध्यक्ष का शपथ पाठ करवाया। इस दौरान मंच पर तदर्थ समति के सदस्य तथा पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार मंगलुनिया व डॉ. श्यामसुंदर हरलालका मौजूद थे। तत्पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री खंडेलवाल ने अपने कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के नामों की घोषणा की। इनमें निवर्तमान अध्यक्ष श्री मधुसुदन सिकरिया, श्री अरुण कुमार अग्रवाल को प्रांतीय उपाध्यक्ष (मुख्यालय), श्री अशोक कुमार अग्रवाल को महामंत्री, श्री कृष्ण कुमार जालान को संगठन मंत्री, सीए. अशोक अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, तीन संयुक्त मंत्री क्रमश: श्री राकेश जैन, श्री विजय कुमार खेमानी (डिब्रुगढ़), श्री पवन सर्णा (शिलांग), सात मंडलीय उपाध्यक्ष व सहायक संयुक्त मंत्री क्रमश: तिनसुकिया से श्री सुरेंद्र कुमार अग्रवाल व श्रीपवन केजड़ीवाल (क), जोरहाट से श्री अनिल केजड़ीवाल व श्री नागर रतावा (ख), नॉर्थ लखीमरपुर से श्री छत्तरसिंह गिरिया व धेमाजी से श्री दुर्गादत्त राठी (ग), नगांव से श्री अनिल शर्मा व श्री संयज गाड़ोदिया (घ), श्रीमती कंचनकेजड़ीवाल व श्रीमती यशोदा अग्रवाल (महिला शाखा, च), खारूपेटिया से श्री अशोक











नागोरी व श्री दीपक बैद (छ), बरपेटा से श्री भैरू शर्मा व बंगाईगांव से सरिजीत सिंह भारी (ज) के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में शिलापथार से श्री अखेक जैन, शिलांग से श्री महावीर सिंघानिया व श्री संतो,चचान, बिलासीपाड़ा से श्री हंसराज सेठिया, गोलाघाट से श्री प्रदीप नाउका, जोरहास से श्री रतन भंसाली, मोरानहाट से श्री विमल अग्रवाल, शिवसागर से श्री संजय पारीक, बंदरदेवा से श्री हारीलाल अग्रवाल, नॉर्थ लखीमपुर से श्री राजकुमार सराफ, बरपेटा से श्रीमती सीता हरलालका, रंगापाड़ा से श्री राजेश पाटोदिया,रंगामाटी से श्री रामचंद्र शर्मा, गुवाहाटीसे श्री केआर चौधरी, श्री रमेश चांडक व श्री संपत मिश्र, होजाई से श्री महेश कुमार चनानी, ढेकियाजुली से श्री राजेश अग्रवाल व नलबाड़ी से श्री सुनिल कुमार शर्मा शामिल हैं। इसके अलावा बालिका छात्रावास समिति के संयोजक धेमाजी से श्री उमेश खंडेलिया, जनसंपर्क समिति के संयोजक श्री विवेक सांगानेरिया, संस्कार-संस्कृति चेतना समितिकी संयोजिका श्रीमती प्रेमलता खंडेलवाल, सम्मेलन समाचार समिति के संयोजकराजकुमार झांढरी, जनसेवा कार्यसमितिके संयोजक श्री प्रदीप भुवालका, राजनीति चेतना समिति के संयोजक श्री प्रमोद स्वामी, जूम/वर्चुअल मीटिंग समिति के संयोजक नगांव से श्री ललित कोठारी के अलावा प्रांतीय सलाहकार के रूप नगांव से श्री प्रह्लाद तोदी व श्री विजय कुमार मंगलुनिया, होजाई से श्री ओंकारमल अग्रवाल, डॉ. श्यामसुंदर हरलालका, श्री ओमप्रकाश चौधरी, जोरहाट से श्री बाबूलाल गग्गड़, श्री पवन कुमार सिकरिया, श्री दीनदयाल सिवोटिया, श्री कैलाश काबरा, बरपेटा से नागरमल शर्मा, डिब्रुगढ़ से श्री बसंत गाड़ोदिया शामिल हैं।

इनके अलावा पूप्रमायुमं के प्रांतीय अध्यक्ष मोहित व मारवाड़ी महिला सम्मेलन की प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती पिंकी पृथानी को पदेन सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। श्री हरलालका व श्री मंगलुनिया ने महामंत्री श्री अशोक अग्रवाल एवं उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई। वहीं अन्य जिलों के कार्यकारिणी सदस्यों ने जूम एप के माध्यम से शपथ ग्रहण किया। अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने जाने पर पूप्रमास की ओर से डॉ. हरलालका का अभिनन्दन किया गया।

कामरूप शाखा की ओर से विनोद कुमार लोहिया, कार्यकारी अध्यक्ष ने प्रांतीय अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश खण्डेलवाल का और पवन कुमार जाजोदिया, निवर्तमान अध्यक्ष ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. श्याम सुंदर हरलालका का फुलाम गमछा से अभिनंदन किया। उक्त अवसर पर शाखा की ओर से संस्थापक अध्यक्ष श्री संपत मिश्र, उपाध्यक्ष श्री विजय भीमसरिया, कार्यकारिणी सदस्य श्री संजय खेतान, सदस्य सीए. अशोक अग्रवाल एवं श्री राकेश जैन कार्यक्रम में उपस्थित थे।

शाखा के लिए हर्ष की बात है कि प्रांतीय कार्यकारिणी समिति में कामरूप शाखा से सीए. अशोक अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, श्री राकेश जैन को संयुक्त मंत्री एवं श्री संपत मिश्र को कार्यकारी सदस्य मनोनित किया गया। शाखा को पूरा विश्वास है कि तीनों महानुभाव प्रांतीय कार्यकारिणी में शाखा का उचित प्रतिनिधित्व करते हुए शाखा का नाम रोशन करेंगे।

प्रांतीय अध्यक्ष के चुनाव में श्री खण्डेलवाल जी के प्रतिद्वंद्वी श्री कैलाश काबरा ने श्री खण्डेलवाल जी को पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं प्रेषित की।

सम्मेलन की गुवाहाटी शाखा, महिला शाखा गुवाहाटी, बरपेटा शाखा, नगांव शाखा, खारूपेटिया शाखा आदि के पदाधिकारियों ने प्रांतीय अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश खण्डेलवाल और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. श्याम सुंदर हरलालका का अभिनन्दन किया। इस दौरान अग्रवाल सभा, फिक्की, गोपिका सत्संग समिति, टोस्ट मास्टर इंटरनेशनल, कामरूप चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित कई अन्य संगठनों की ओर से भी प्रांतीय अध्यक्ष का अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर सम्मेलन की गुवाहाटी शाखा ने स्वचालित ऑक्सीजन सेवा का भी लोकार्पण डॉ. हरलालका द्वारा किया गया। समारोह में विभिन्न संगठनों से आए पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कंचन केजरीवाल ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री श्री अशोक अग्रवाल ने दिया।





# पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन

## प्रांतीय कार्यकारिणी समिति


श्री मधुसुदन सिकरिया
प्रांतीय निवर्तमान अध्यक्ष


श्री ओमप्रकाश खण्डेलवाल
प्रांतीय अध्यक्ष


श्री अरुण कुमार अग्रवाल
प्रांतीय उपाध्यक्ष (मुख्यालय)


श्री अशोक कु. अग्रवाल
महामंत्री


श्री कृष्ण कु. जालान
संगठन मंत्री


सी.ए. अशोक अग्रवाल
कोषाध्यक्ष


श्री राकेश जैन
संयुक्त मंत्री


श्री विजय कु. खेमानी
संयुक्त मंत्री


श्री पवन शर्मा
संयुक्त मंत्री

## मंडलीय उपाध्यक्ष


श्री सुरेंद्र कु. अग्रवाल
मंडल - क


श्री अनिल केजरीवाल
मंडल - ख


श्री छत्तर सिंह गिरिया
मंडल - ग


श्री अनिल शर्मा
मंडल - घ


श्रीमती कंचन केजड़ीवाल
मंडल - च (महिला शाखा)


श्री अशोक नागोरी
मंडल - छ


श्री भैरू शर्मा
मंडल - ज

## सहायक मंत्री


श्री पवन केजड़ीवाल
मंडल - क


श्री नगर रत्तवा
मंडल - ख


श्री दुर्गादत्त राठी
मंडल - ग


श्री संजय गाड़ोदिया
मंडल - घ


श्रीमती यशोदा अग्रवाल
मंडल - च


श्री दीपक बैद
मंडल - छ


श्री सरीजीत सिंह भारी
मंडल - ज

# कामरूप शाखा की छठी कार्यकारिणी सभा आयोजित

कोरोना के काले साये में बीते वर्ष 2020 के अक्टूबर महीने में मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा की छठी कार्यकारिणी सभा का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि इससे पहले वर्ष 2020 में कोरोना संक्रमण के खतरे व लॉकडाउन के कारण शाखा की पांचवीं कार्यकारिणी सभा (27-07-2020), छठी साधारण सभा (09-08-2020) और 7 सितंबर 2020 को शाखा की विशेष सभा ऑनलाइन आयोजित की गईं। राज्य में लॉकडाउन में शिथिलता और कोरोना संक्रमण के मामलों में कमी आने के बाद 10 अक्टूबर 2020 को छठी कार्यकारिणी सभा का ऑफलाइन आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोरोना को लेकर जारी सरकारी निर्देशों का पालन किया गया।




छठी कार्यकारिणी सभा में 'आरोग्य रथ सेवा' (एम्बुलेंस) और 'परणिय बंधन' परियोजना पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इससे पहले शाखाध्यक्ष श्री निरंजन सिकरिया ने सभा प्रारंभ की घोषणा की तथा सचिव श्री दिनेश गुप्ता ने कार्यसूची का पठन किया। सभा की शुरुआत में सहसचिव श्री अनुज चौधरी ने पिछली सभा, कार्यकारिणी की विशेष सभा और कोर कमिटी की सभा का प्रतिवेदन, सचिव श्री दिनेश गुप्ता ने छठी साधारण सभा का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। वहीं निवर्तमान अध्यक्ष श्री पवन कुमार जाजोदिया ने स्वतंत्रता दिवस एवं शाखा स्थापना दिवस कार्यक्रम और शीतल पेय वितरण कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके बाद सभा में मौजूद सदस्यों ने 'आरोग्य रथ सेवा' (एम्बुलेंस) पर चर्चा की। इस विषय पर विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि यदि वैन को एम्बुलेंस में परिवर्तन करने में मुश्किल आती है या संभव नहीं हो पाता है तो वैन की बिक्री कर नई एम्बुलेंस वैन ली जाएगी।




'परिणय बंधन' परियोजना की चर्चा में अध्यक्ष श्री निरंजन सिकरिया ने शादी में मुश्किल आने के कारणों तथा शादी होने के बाद बंधन जल्द टूटने संबंधी विषय पर एक सेमिनार करने का सुझाव दिया। इस पर सहसचिव श्री अनुज चौधरी ने बताया कि पहले भी एक सेमिनार का आयोजन किया गया था, पर इसका कोई फायदा नहीं हुआ। श्री अनिल शर्मा ने कहा कि 'परिणय बंधन' परियोजना का एक ही मुल उद्देश्य है अविवाहित युवक-युवतियों का बायोडाटा इकट्ठा करना, जिससे इच्छुक अभिभावक अपने बच्चों के लिए वर/वधु की तलाश कर सकें। श्री प्रभात शर्मा ने कहा कि हमारे मारवाड़ी समाज के लोग एक प्लेटफॉर्म पर नहीं आ रहे तथा अपनी-अपनी बिरादरी के ग्रुप में बायोडाटा दे रहे हैं। 'परिणय बंधन' के संयोजक श्री विनोद कुमार लोहिया ने कहा कि बायोडाटा तो बहुत आ रहे हैं, पर हर कोई इसे सार्वजनिक न करने की बात कहता है। श्री लोहिया ने कहा कि हमने जो फॉर्म वेबसाइट पर डाले थे उसमें करीब 60-65 युवक-युवतियों ने ही फॉर्म भरे थे, जिससे यह मालूम हुआ कि किन कारणों से संबंध नहीं हो पा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने भी एक सेमिनार का आयोजन करने का सुझाव रखा।

सभा में आगे की चर्चा में स्कूल नवीनीकरण कार्यक्रम के संयोजक श्री पवन कुमार जाजोदिया ने स्कूल नवीनीकरण के कार्यों की जानकारी दी।



इसके बाद शाखा के मुखपत्र 'कामरूप दर्पण' के छठे संस्करण का विमोचन किया गया। शाखा के संस्थापक अध्यक्ष श्री संपत मिश्र ने इसका विमोचन किया। मुखपत्र के संपादक श्री विनोद कुमार लोहिया ने इस संस्करण की विशेष बातों के बारे में सभा को जानकारी दी। उपस्थित सभी सदस्यों ने 'कामरूप दर्पण' के सफल प्रकाशन व उनके अथक प्रयास के लिए संपादक श्री विनोद कुमार लोहिया और सह संपादक श्री पवन कुमार जाजोदिया का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ अभिवादन किया। सभा के दौरान शाखा पंजीकरण के नवीनीकरण का दायित्व श्री दिनेश गुप्ता एवं श्री अनुज चौधरी को दिया गया और इसके लिए खर्च के लिए 20,000 रुपए आवंटित किए गए।

सभा के दौरान सम्मान समारोह का भी आयोजन हुआ। इसमें होली कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए श्री पवन कुमार जाजोदिया ने संयोजक श्री










राजेश पोद्दार का और श्री संपत मिश्र ने संयोजक श्री विनोद शर्मा का सम्मान किया। श्री दिनेश गुप्ता ने 'सर्व फूड, फील गुड' कार्यक्रम के लिए संयोजक श्री अनुज चौधरी का सम्मान किया। इस क्रम में कोरोना संकटकाल में लॉकडाउन के चलते असम में फंसे राजस्थानी प्रवासियों को राजस्थान पहुंचाने के लिए सम्मेलन की प्रांतीय शाखा द्वारा आयोजित बस सेवा में कामरूप शाखा की ओर से सेवा प्रदान करने के लिए श्री विनोद कुमार लोहिया और श्री दिनेश गुप्ता को सम्मानित किया गया। श्री विनोद कुमार लोहिया का सम्मान श्री प्रभात शर्मा ने किया तथा श्री दिनेश गुप्ता का सम्मान श्री अजीत शर्मा ने किया। इसके अलावा 'डेस्टीनेशन होम' में आयोजित कार्यक्रम में अग्रवाल सखी को उनकी सहभागिता के लिए एक प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।

सभा में शाखा के भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। सहयोग पत्र कार्यक्रम पर चर्चा में 500 सहयोग पत्र बनाने तथा जरूरत पड़ने पर 100 सहयोग पत्र बनाने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम के लिए श्री दिनेश गुप्ता एवं श्री राजेश पोद्दार का संयोजक बनाया गया तथा उपहार का निर्धारण का दायित्व भी उन्हें सौंपा गया। वहीं इस वर्ष दीपावली पर कार्यक्रम आयोजित नहीं करने का फैसला लिया गया। सम्मेलन का स्थापना दिवस 25-12-2020 को मनाया जाएगा। उस दिन सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया जाएगा तथा सभी को कंबल प्रदान किया जाएगा। उसी दिन प्लाज्मा दान करने वाले जिन शाखा सदस्यों का भी सम्मान करने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम के लिए श्री संजय खेतान एवं श्री उमा शंकार गट्टानी को संयोजक बनाया गया।

अंत में सचिव श्री दिनेश गुप्ता ने 'डेस्टीनेशन होम' और अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार काउंसिल के धन्यवाद पत्र के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'डेस्टीनेशन होम' ने शीतल पेय प्रदान करने के लिए धन्यवाद पत्र तथा अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार काउंसिल ने कोरोना काल में भोजन/खाद्य सामग्री वितरण कार्यक्रम के लिए शाखा को एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

वहीं श्री विनोद कुमार लोहिया ने जानकारी दी कि मारवाड़ी युवा मंच, कामाख्या शाखा द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हमारी शाखा ने पहला स्थान प्राप्त किया। प्रान्त को मास्क प्रदान करने के लिए धन्यवाद पत्र प्रेषित करने तथा शाखा की तरफ से प्रांतीय निर्वाचन रद्द करने के लिए एक प्रतिवाद पत्र प्रेषित करने का निर्णय लिया गया, जिसकी जिम्मेदारी श्री विनोद कुमार लोहिया एवं श्री संपत मिश्र को सौंपी गई। सभा में आजीवन सदस्यता शुल्क में से 1,00,00/- रुपए की 3 फिक्स्ड डिपोजिट बनाने का फैसला लिया गया। सभा में 31 मार्च 2021 तक 100 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया।

# लहक ने कैंसर मरीजों के लिए कटवाए अपने लंबे बाल

सुश्री लहक अगरवाला, गुवाहाटी अधिवक्ता श्री राजेश अगरवाला और श्रीमती अनीता अगरवाला की सुपुत्री और सरला बिरला स्कूल, गुवाहाटी की दसवीं कक्षा की छात्रा हैं। इस छोटी सी आयु में मानवता के प्रति उसका समर्पण अतुलनीय है। उसने अपने लम्बे बाल कैंसर मरीजों की विग के लिए दान कर दिए। उसने न केवल माता पिता अपितु पुरे समाज को गौरवान्वित किया है। लहक ने लॉकडाउन के दौरान ऐसा जाना कि कैंसर मरीजों के विग के लिए बालों की आवश्यकता होती है अत: बाल दान करने के लिए ही उसने बाल बढ़ाए।

एक तरफ लम्बे बाल लड़कियों और महिलाओं को सर्वदा प्रिय होते हैं तो दूसरी तरफ कैंसर मरीजों के बाल अकसर उनके उपचार के दौरान उड़ जाते हैं, उनका मनोबल बढ़ाने के लिए उन मरीजों को विग भी पहनाये जाते हैं, जिसके लिए लम्बे बालों की आवश्यकता होती है। ऐसा दान चाहे तो कोई भी www.copewithcancer.org के माध्यम से कर सकता है। COPE WITH CANCER टाटा कैंसर इंस्टिट्यूट, मुंबई से एफिलिएटेड है। मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा इस समर्पण भावना के लिए लहक का अभिनंदन करता है।



# श्री प्रदीप सुरेका होजाई शाखा के अध्यक्ष मनोनित



मारवाड़ी सम्मेलन, होजाई शाखा की साधारण सभा गत 27 दिसंबर 2020 को प्रतिष्ठित लक्ष्मीनारायण मंदिर स्थित श्री राम सदन में आयोजित की गई। इस सभा में श्री प्रदीप सुरेका को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया। इससे पहले सभा में दो वर्षों के दौरान किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। वहीं आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। तत्पश्चात शाखा के अध्यक्ष श्री कामाख्या लाल सरावगी ने अपने पद से इस्तीफा देते हुए नए कार्यकाल के लिए अध्यक्ष के चुनाव का प्रस्ताव सभा में रखा। सभा में आपसी विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से श्री प्रदीप सुरेका को अध्यक्ष बनाया गया। श्री सुरेका ने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी स्वीकार की। अध्यक्ष बनने पर उपस्थित सदस्यों ने फुलाम गमछा से उनका सम्मान किया। श्री सुरेका ने अपने संबोधन में समाज के लोगों को साथ लेकर सम्मेलन की उन्नति के लिए प्रयास करने पर प्राथमिकता जताई।

सभा की शुरुआत में शाखा ने समाज के तीन पत्रकारों श्री रमेश मुंदड़ा, श्री निरंजन सरावगी और श्री निखिल मुंदड़ा को सम्मानित किया। इनका सम्मान करते हुए फुलाम गामोछा, प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट किए गए। सभा में सचिव महेश चनानी, उपाध्यक्ष निरंजन सरावगी, सीताराम शर्मा, राजेश केजड़ीवाल, मोहनलाल चौधरी, रामावतार सैनी, राकेश अगरवाल, संजय मुरारका, मनोज केजड़ीवाल, प्रवीण सरावगी, निखिल मुंदड़ा आदि उपस्थित थे।

## गुवाहाटी शाखा की स्वचालित ऑक्सीजन सेवा का लोकार्पण



सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. श्यामसुंदर जी हरलालका के कर कमलों से मारवाड़ी सम्मेलन की गुवाहाटी शाखा की स्वचालित ऑक्सीजन सेवा का लोकार्पण 3 जनवरी 2021 को प्रांतीय अध्यक्ष के शपथ विधि समारोह के दौरान किया गया।

## उत्तर लखीमपुर शाखा ने जिला अस्पताल को प्रदान किए ऑक्सिजन सिलिंडर



कोरोना वायरस के काले साये में बीते वर्ष 2020 के अक्टूबर माह में मारवाड़ी सम्मेलन, उत्तर लखीमपुर शाखा ने कोविड-19 संक्रमण से पीड़ित मरीजों के लिए ऑक्सीजन गैस की कमी को देखते हुए सरकारी जिला अस्पताल को 31 ऑक्सीजन सिलेंडर व 13 ट्रॉली प्रदान की गई। शाखाध्यक्ष बलवान शर्मा ने बताया कि लखीमपुर में समाज के लोगों के सहयोग से जिला अस्पताल को ये ऑक्सीजन सिलेंडर व ट्रॉली प्रदान की गई। ऑक्सीजन सिलेंडर देने वाले दानदाताओं में श्री विनोद हरलालका, श्री ज्योती पटवारी, श्री रामप्रसाद शर्मा, श्री बद्रीनारायण मालपानी, श्री रंजन सिंह, श्री मनोहर लखोटिया, श्री श्याम तापड़िया, श्री गिरधर अग्रवाल, श्री संजय बाकलीवाल, श्री छतर सिंह गिरिया, श्री श्याम लखोटिया, श्री संजय मालपानी, श्री बलवान शर्मा, श्री राम गोपाल मालपानी, श्री देवानंद शर्मा, श्री कैलाश गगड़, श्री विकास तोषनीवाल और श्री राजेश मालपानी शामिल हैं।




*मारवाड़ी सम्मेलन, बरपेटा रोड महिला शाखा ने 19 दिसंबर 2020 को शनि मंदिर में चेयर टेबल का वितरण एवं नगद राशि का दान किया।*

## जोरहाट शाखा ने किया मेधावियों का अभिनंदन

मारवाड़ी सम्मेलन, जोरहाट शाखा ने नगर के चेंबर रोड स्थित चंबर भवन में अक्टूबर महीने में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया, जिसमें समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का अभिनंदन किया गया। इस समारोह में दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं के बीच प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनको सम्मानित किया गया। शाखाध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल गगड़, पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष तथा कार्यक्रम संयोजक अनिल केजड़ीवाल, पूर्व प्रांतीय सहायक मंत्री श्री रतनलाल भंसाली तथा कार्यकारिणी सदस्य कन्हैयालाल हरलालका मंचासीन थे।

## खारुपेटिया शाखा ने कराया श्री काली मंदिर श्मशान घाट का नवीनीकरण

सम्मेलन की खारुपेटिया शाखा ने खारुपेटिया स्थित श्री काली मंदिर श्मशान घाट का बीते वर्ष नवीनीकरण कराया। नवीनीकरण के पश्चात दीपावली के मौके पर गत 27 अक्टूबर 2020 को श्री काली मंदिर श्मशान घाट में 5000 दीपक जलाकर पूर्वजों को याद किया गया। मालूम हो कि मारवाड़ी सम्मेलन, खारुपेटिया शाखा की स्थापना के साथ ही श्मशान घाट नवीनीकरण के लिए एक उप समिति का गठन किया गया था और श्री महेंद्र बाकलीवाल को संयोजक नियुक्त किया गया था। वे मारवाड़ी सम्मेलन के आजीवन सदस्य भी हैं। उनके नेतृत्व में श्मशान घाट का नवीनीकरण तथा श्मशान घाट में दीपावली उत्सव बड़े ही आकर्षक तरीके से संपन्न हुआ।



## सम्मेलन के सदस्य ने असम साहित्य सभा के कार्यक्रम में लिया भाग

असमिया भाषा की प्रसिद्ध पत्रिका 'अरुणोदय' के 175 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में असम साहित्य सभा की शिवसागर जिला समिति ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें 175 विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें मारवाड़ी समाज की प्रतिनिधि संस्था श्री मारवाड़ी पंचायत जन दातव्य समिति के सचिव एवं मारवाड़ी सम्मेलन के आजीवन सदस्य श्री विजय कुमार छावछरिया ने ध्वज फहराया। मालूम हो कि 175 वर्ष पूर्व असमिया भाषा की पत्रिका 'अरुणोदय' का प्रकाशन शिवसागर शहर से हुआ था।



## विनोद कुमार चांडक बने गोलाघाट के जिला न्यायाधीश

गोलाघाट जिले के नए जिला व सत्र न्यायाधीश के रूप में श्री विनोद कुमार चांडक ने गत 23 नवंबर को कार्यभार संभाला। गौरतलब है कि जिला न्यायाधीश के रूप में उनकी यह तीसरी पोस्टिंग है। बरपेटा जिला सत्र न्यायाधीश के रूप में लगभग दो वर्षों से सेवारत रहे श्री चांडक जोरहाट जिला न्यायालय में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वे लंबित मामलोंको जल्द निपटाने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने गोलाघाट में नए कोर्ट बिल्डिंग के कार्य को जल्द पूरा करवाना अपनी प्राथमिकता बताई। उन्होंने पोस्को व अन्य गंभीर मामलों में ज्यादा तेजी से काम करने की बात कही मालूम होकि मामलों के निपटारे के साथ ही अपने सहकर्मिों व मातहतों की सुविधाओं पर चांडक खास ध्यान देते हैं। वहीं न्याय प्रक्रिया के लिए चरूरी आधारभूत ढांचे के भी वो बड़े हिमायती है। बरपेटा में न्यायिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आवास सहित कई अहम मुद्दों को सुलझाने वाले न्यायाधीश चांडक के आने से गोलघाट में भी तस्वीर बदलने की उम्मीद है।

**उपलब्धि**

## रागिनी अगरवाला ने बढ़ाया मान

बोकाखात की छात्रा रागिनी अगरवाला ने ऑल इंडिया एल.एल.एम. परीक्षा में स्वर्ण पदक हासिल कर समाज के साथ-साथ राज्य का मान बढ़ाया है। सुप्रीम कोर्ट में वकालत की पढ़ाई कर रहीं रागिनी बोकाखात के निवासी विजय कुमार अगरवाला और बीना देवी की सुपुत्री हैं। रागिनी ने ऑल इंडिया एल.एल.एम. की परीक्षा प्रतिष्ठित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, ओडिशा से उत्तीर्ण की है। मेहनती होने के साथ-साथ रागिनी एक बहादुर महिला है। उसने बीते वर्ष दीपावली के समय अपनी जान पर खेल कर बच्चों को बचाया था। इस दौरान उनके हाथ पर गंभीर चोट भी आई, जिसका कई दिनों तक इलाज चलता रहा।



## युवा यूट्यूबर आयुष मोर सम्मानित



जोरहाट के युवा यूट्यूबर आयुष मोर को यूट्यूब ने सम्मानित किया है। आयुष ने अपने यूट्यूब चैनल से लाखों सब्सक्राइबर जोड़कर पूर्वोत्तर का पहला सर्वश्रेष्ठ यूट्यूबर होने का गौरव प्राप्त किया है। आयुष ने अपनी मेहनत व क्षमता से सोशल मीडिया पर यह कामयाबी हासिल की है। आयुष ने जनवरी 2018में यूट्यूब पर अपना चैनल बनाया था, जिसका नामक्यूडल रखा और अपनी मेहनत और क्षमता के बल पर मात्र दो सालों में चैनल से 20 लाख से अधिक लोग जोड़ लिए। इस चैनल पर आयुष सवाल-जवाब, पहेलियां औरमजेदार वीडियो अपलोड करते हैं। यूट्यूब ने उन्हें इस उपलब्धि के सम्मान स्वारूप दो पुरस्कार से भी नवाजा है। एक पुरस्कार उन्हें क लाख लोग जुड़ने पर और दूसरा 10 लाख लोग जुड़ने पर मिला था। आयुष का एक और चैनल है, जिसे उन्होंने अपने नाम 'आयुष मोर' पर ही रखा है। इस चैनल से भी 1.70 लाख से अधिक लोग जुड़चुके हैं। आयुष ने यह उपलब्धि पढ़ाई के दौरान ही हासिल की है। वह काजीरंगा में फाइनल ईयर में पढ़ाई कर रहा है।


ICI
Since 1976
INDIAN CANVAS INDUSTRIES
e-mail : indiancanvas@gmail.com
Manufacturer of all types of Tents, Canvas/HDPE Tarpaulins, Automobile Hoods, Canopies, Mosquito Net FR, Coat Combat, Kit Bag, Kit Box (Steel), Synthetic/Cotton Web Items, Uniform Items and allied Textile Products.
GMR
GMR INFRACON
e-mail : gmrinfracon@gmail.com
Manufacturer of Concrete Paver Blocks, Fly Ash Bricks Designer Coloured Parking Tiles & Pavers.
With Best Compliments From
Mukesh Kr. Jindal
923, Fatasil Main Road
Near R.G. Barua College
Guwahati-781009 (Assam)
Ph. : 0361-2472921
91 94350 44872